## राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन
## स्वास्थय भवन, तिलक मार्ग, जयपुर

क्रमांकः आरएमएससी/लेखा/निविदा/2011–12/1105 दिनांक 10.10.11

जिला परियोजना समन्वयक
एवं प्रभारी अधिकारी,
जिला औषधि भण्डार गृह,
राजस्थान (समस्त)

**विषयः– बाह्य रोगी उपचार पत्र का नमूना प्रेषित करने बाबत्।**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आरएमएससी द्वारा बाह्य रोगी उपचार पत्र मुद्रण का कार्यादेश मैसर्स रेशनल बिजनेस कॉर्पोरेशन (प्रा.) लि., नई दिल्ली को दिया जाकर समस्त जिलों में आपूर्ति करने हेतु निर्देशित किया गया था। अतः आपके जिले में प्राप्त बाह्य रोगी उपचार पत्र के पैडो में से 1 पैड मय प्राप्ति की दिनांक व जिले के विवरण के आरएमएससी . मुख्यालय को प्रेषित करवाना सुनिश्चित कराएँ। ताकि कागज की गुणवत्ता की जाँच कराई जाकर फर्म को भुगतान की कार्यवाही की जा सके।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कराएँ।

कार्यकारी निदेशक
(गुणवत्ता नियन्त्रण)

क्रमांकः आरएमएससी/लेखा/निविदा/2011–12/1105 दिनांकः 10.10.11

**प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, आरएमएससी, जयपुर, राजस्थान।
2. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राजस्थान (समस्त)
3. प्रभारी सर्वर रूम, स्वास्थ्य भवन को प्रषित कर लेख है कि विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करें एवं संबंधित को e-mail भी करें।
4. रक्षित पत्रावली।

कार्यकारी निदेशक
(गुणवत्ता नियन्त्रण)